महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

तत्काल / समयबद्ध

पत्रांक :रू.वि. / कु.स.का. / 2021 / 1816 दिनांक : 20.05.2021

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध स्ववित्त पोषित महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषय : उ०प्र० के स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों / प्राचार्यों का विवरण ऑनलाइन कर केन्द्रीयकृत डाटाबेस तैयार कर सार्वजनिक किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन के संलग्न पत्र संख्या 510 / सत्तर–2–2021–16(130) / 2021 दिनांक 20 मई 2021 का संदर्भ ग्रहण करने कष्ट करें जिसके माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में निर्गत उपर्युक्त विषयक पत्रों को सन्दर्भित करते हुये अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत प्रकरण में सूचना / आख्या अद्यतन अप्राप्त है। उक्त प्रकरण मा० मुख्यमंत्री जी की आख्या के लम्बित संदर्भो से आच्छादित है। प्रकरणों में आख्या प्राप्त न हो पाने के कारण मा० मुख्यमंत्री जी को आख्या प्रस्तुत किया जाना एवं उनका निस्तारण सम्भव नहीं हो पा रहा है तथा सम्बन्धित सूचना / आख्या प्रत्येक दशा में 21.05.2021 तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुये हैं।

उपरोक्त के क्रम में विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में स्थित कतिपय स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों द्वारा उनके महाविद्यालय में कार्यरत प्राचार्य / शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। जिस पर मा० कुलपति महोदय द्वारा अप्रसन्नता प्रकट करते हुये निर्देशित किया गया है कि ऐसे महाविद्यालय जिनके द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत प्राचार्य / शिक्षकों की अद्यतन सूचना विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड नहीं की गयी है वह महाविद्यालय प्रत्येक दशा में 21.05.2021 तक उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय बेवसाइट (लिंक http://mjpru.co.in/cp/) पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। जिससे प्रश्नगत प्रकरण में शासन द्वारा वाँछित सूचना / आख्या उपलब्ध करायी जा सके।

संलग्नक : यथोपरि

Pandey
कुलसचिव

प्रतिलपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालानार्थ प्रेषितः–

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. मीडिया प्रभारी।
3. प्रभारी विश्वविद्यालय, वेबसाईट को इस आषय से प्रेषित कि उपरोक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा समस्त सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 में अपलोड करने हेतु।
4. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

मा0 मुख्यमंत्री संदर्भ/समयबद्ध

प्रेषक,   संख्या- 580/सत्तर-2-2021-16(130)/2019

श्रवण कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।
(छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को छोड़कर)

उच्च शिक्षा अनुभाग-2   लखनऊः दिनांकः 20 मई, 2021

विषयः- उ0प्र0 के स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों/प्राचार्यो का विवरण ऑनलाइन कर केन्द्रीयकृत डाटाबेस तैयार कर सार्वजनिक किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-सी0एम0-118(1)/सत्तर-2-2019-16(130)/2019 दिनांक 19.09.2019 शासन के पत्र संख्या-सी0एम0-15/सत्तर-2-2021-16(130)/2019 दिनांक 11.02.2021 शासन के पत्र संख्या-सी0एम0-06/सत्तर-2-2021-16(130)/2019 दिनांक 08.03.2021 शासन के पत्र संख्या-416/सत्तर-2-2021-16(130)/2019 दिनांक 31.03.2021 एवं शासन के पत्र संख्या-504/सत्तर-2-2021-16(130)/2019 दिनांक 13.05.2021 का संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में वांछित आख्या अद्यतन अप्राप्त है। उक्त प्रकरण में मा0 मुख्यमंत्री जी की आख्या के लम्बित संदर्भो से आच्छादित है। प्रकरणों में आख्या प्राप्त न हो पाने के कारण मा0 मुख्यमंत्री जी को आख्या प्रस्तुत किया जाना एवं उनका निस्तारण संभव नही हो पा रहा है। कृपया वांछित सूचना/आख्या शासन को 21.05.2021 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(श्रवण कुमार सिंह)
विशेष सचिव।